कक्षा 5 व्याकरण पाठ 3 शब्द विचार

(प्रश्न १) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताएं

क-शब्द किसे कहते हैं?

उत्तर-वर्णों के सार्थक समूह को शब्द कहते हैं।

ख-शब्द पद कब बन जाता है?

उत्तर जब कोई शब्द किसी वाक्य में प्रयोग होता है तो वह शब्द पद बन जाता है।

ग-कोई दो विदेशी शब्द बताइए।

उत्तर-स्टेशन, मशीन

(२) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए

क-वाक्यों की रचना किस पर निर्भर करती है?

उत्तर-वाक्यों की रचना शब्दों पर निर्भर करती है।

ख-शब्दों का वर्गीकरण किन आधारों पर किया जाता है।

उत्तर-शब्दों का वर्गीकरण चार आधारों पर किया जाता है।

ग-तत्सम तथा तद्भव शब्दों में क्या अंतर है ?उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए।

उत्तर-तत्सम शब्द-संस्कृत के जो शब्द हिंदी में अपने मूल रूप में प्रयुक्त होते हैं उन्हें तत्सम शब्द कहते हैं जैसे -सूर्य,सर्प,वायु

तद्भव शब्द-वह शब्द जो संस्कृत से रूप बदल कर हिंदी में प्रयुक्त होते हैं तद्भव शब्द कहलाते हैं। जैसे-घी, संस्कृत के घृत शब्द से बना है। आग संस्कृत के अग्नि शब्द से बना है।

(प्रश्न ३) उचित विकल्प पर सही का निशान लगाइए।

क-जब कोई शब्द किसी वाक्य में प्रयुक्त होता है तो वह क्या कहलाता है।

[पद]✓

ख-बनावट के आधार पर दवातशब्द है।

[रूढ़]✓

ग-उत्पत्ति के आधार पर ईट शब्द है।

[देशज]✓

घ-अर्थ के आधार पर वोटीशब्द है।

[निरर्थक]✓

ङ-इनमें से कौन सा शब्द विकारी नहीं है।

[क्रिया विशेषण]✓

(प्रश्न ४)कोष्टक में दिए उचित शब्द से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

क-भाषा के निर्माण में <u>शब्दों</u> का महत्वपूर्ण स्थान है।

ख-<u>वाक्य</u> की रचना शब्दों पर निर्भर करती है।

ग-तृण <u>तत्सम</u> शब्द है।

घ-जिन शब्दों का रूप वचन, लिंग या काल के अनुसार बदलता रहता है उन्हें <u>विकारी</u> शब्द कहते हैं।

ङ-उत्पत्ति के आधार पर शब्द <u>4</u> प्रकार के होते हैं।

(प्रश्न ५) तत्सम तथा तद्भव रूप लिखिए -

तत्सम।	तद्भव
दंत।	<u>दांत</u>
<u>रात्रि ।</u>	रात
क्षेत्र।	<u>खेत</u>
<u>ग्राम</u>।	गांव
गृह।	<u>घर</u>
<u>घृत</u>	घी

(प्रश्न ६) सही वाक्य के सामने सही और गलत वाक्य सामने गलत का निशान लगाइए-
क-वर्णोंके सार्थक मेल से वाक्य बनते हैं।×
ख-शब्द एक से अधिक वर्णो का सार्थक समूह है।✓
ग-अर्थ के आधार पर शब्द तीन प्रकार के होते हैं।×
घ-फूल रूढ़ शब्द है।✓
ङ-विदेशी भाषा से लिए गए शब्द तद्भव शब्द कहलाते हैं।×
(प्रश्न ७) निम्नलिखित शब्दों को मिलाकर यौगिक शब्द बनाइए-
क-विद्या+आलय=विद्यालय
ख-पाठ+शाला=पाठशाला
ग-रसोई+घर=रसोईघर
घ-पुस्तक+आलय=पुस्तकालय
ङ-विद्या+आर्थी=विद्यार्थी